खबर संक्षेप



## धरे गये चार जुआरी, 3900 रूपये किये जब्त

**कटनी।** बहोरीबंद पुलिस ने जुआ खेलते चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार विश्वसनीय मुखबिर से सूचना पर ग्राम बचैया मरघटाई भाटिया के पास छापामार कार्यवाही करते हुए रंगे हाथों जुआरियों की टोली को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया मारघटाई के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। घेराबंदी कर जुआरियों को पकड़ा गया। पकड़े गए संजय व्यास पिता रघुवीर प्रसाद व्यास 52 वर्ष, विवेक श्रीवास पिता रामदयाल श्रीवास 34 वर्ष एवं संतोष पटेल पिता भारत पटेल 36 वर्ष, रामलाल पिता मगनलाल कोरी 53 वर्ष सभी निवासी ग्राम बचैया थाना बहोरीबंद जिला कटनी को रंगेहाथों हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते पकडा गया। जुआरियो के पास से 3900 रूपये एवं 52 तास पत्ते जप्त करते हुये आरोपियो के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। कार्यवाही में निरीक्षक अखलेश दाहिया, सउनि ध्रुव सिंह, प्र.आर. भोलाराम गुप्ता, सुनील बागरी, आर. आकाश साहू, बृजेश सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## सुधार कार्य के दौरान करंट की चपेट में आने से श्रमिक की मौत



**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सुधार न्यास कॉलोनी में शनिवार को बिजली के खंभे पर मरम्मत का कार्य करते समय एक मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक 35 वर्षीय दिनेश केवट बिजली के पोल पर चढ़कर सुधार कार्य कर रहा था। काम के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और संतुलन बिगड़ने की वजह से वह पास से गुजर रही 33 KV की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। करंट इतना जोरदार था कि दिनेश बुरी तरह झुलस गया और सीधे जमीन पर आ गिरा। मृतक माधवनगर के धपई क्षेत्र का निवासी था। हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए दिनेश को जिला अस्पताल पहुँचाया। अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने एक बार फिर बिजली के हाईटेंशन तारों के पास काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा और बरती जाने वाली सावधानियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### विजयराघवगढ़ पुलिस ने की कार्यवाही, तस्करों को भेजा गया हवालात

# तस्करों को दबोचा : ई रिक्शा से तस्करी, 45 हजार रूपए की अंग्रेजी एवं देशी शराब जब्त

### जिले भर में माफियाओं का फैला नेटवर्क, गुर्गों एवं वाहन चालकों तक सिमटी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले भर में शराब के अवैध कारोबार का नेटवर्क फैला हुआ है। माफियाओं द्वारा वाहनों के माध्यम से शराब की अवैध खेप ठिकानों तक पहुंचाई जा रही है। दोपहिया वाहनों से लेकर तिपहिया सवारी वाहनों एवं लग्जरी कारों तक से देशी एवं अंग्रेजी शराब की खेप पहुंचा रहे हैं। कभी कभार मुखबिरों की सूचना पर पुलिस को बड़ी सफलता भी मिल जाती है लेकिन माफियाओं का जाल इतना बिछा हुआ है कि इन कार्यवाहियों से कोई खास फर्क नहीं पड़ता। पुलिस की कार्यवाही भी गुर्गों एवं वाहन चालकों तक ही सिमटी रहती है जिससे माफिया बेखौफ होकर अपना कारोबार करते हैं।

विजयराघवगढ़ पुलिस ने शराब की तस्करी कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए बड़ी मात्रा में देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त की है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) विजयराघवगढ़ वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में थाना विजयराघवगढ़ पुलिस द्वारा ऑपरेशन "शिकंजा" के अंतर्गत की गई है।



जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ निरीक्षक रीतेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम गत दरम्यानी रात थाना क्षेत्र के ग्राम बेलापुर मेन रोड पर एक संदिग्ध ई-रिक्शा ऑटो क्रमांक MP-21-ZG-3246 को रोककर चेक किया गया। चेकिंग के दौरान ई-रिक्शा में सवार सचिन गुप्ता, अभिषेक गुप्ता निवासी ग्राम अमेहटा थाना कैमोर के कब्जे से अवैध रूप से परिवहन की जा रही अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

#### कार्यवाही में ये सामग्री की गई जब्त

पुलिस ने 06 कार्टून गोवा अंग्रेजी शराब कुल 300 पाव (54 लीटर) कीमती 30,000 रूपए एवं 1 कार्टून रॉयल स्टेज अंग्रेजी शराब 12 बोतल (09 लीटर) कीमती 14,400 रूपए, कुल 63 लीटर शराब कीमती 44,400 रूपए सहित तस्करी में प्रयुक्त ई-रिक्शा ऑटो को भी जब्त किया है।

आरोपियों द्वारा संयुक्त रूप से अपराध घटित करना पाए जाने पर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया एवं न्यायालय जे.आर. के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेजा गया।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रीतेश शर्मा, सउनि जयराम साकेत, आरक्षक चालक मज्जू कोल की भूमिका रही।

## चीतल के सींग जब्त, एक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

वनमंडलाधिकारी कटनी गर्वित गंगवार के निर्देशानुसार एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में वन विभाग द्वारा वन्यजीव अपराधों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में वर्ल्ड लाइफ ट्रैप केस-2 के अंतर्गत परिक्षेत्र सहायक पिपरिया सहलावन स्टॉफ की गश्त के दौरान बीट धनवाही के कक्ष क्रमांक पीएफ-329 अंतर्गत वन क्षेत्र में अवैध शिकार का प्रयास पकड़ा गया। निरीक्षण के दौरान एक खेत में लकड़ी की खूंटी एवं जीआई तार फैलाकर केबल लाइन से करंट लगाकर वन्यजीवों का शिकार करने की तैयारी की गई थी। मौके से वन विभाग की टीम ने वन्यप्राणी चीतल के 2 नग सींग भी जब्त किए हैं।



वन विभाग की टीम ने आरोपी ज्ञानी पिता नम्मा कोल, निवासी इटवां को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की। आरोपी को ढीमरखेड़ा न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वन परिक्षेत्राधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि प्रकरण में संलिप्त एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

इस कार्रवाई में वनपाल मोहम्मद खालिक, वनरक्षक रामदुलारे मेहरा, राजेश सोनी, दिनेश दहायत सहित अन्य स्टाफ की भूमिका रही।

## 100 किमी लंबी सड़क का प्रस्ताव स्वीकृत

**सिलौंडी।** बड़वारा क्षेत्र में सांसद श्रीमती हिमांद्री सिंह एवं विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की अनुशंसा से मुख्यमंत्री मजरा टोला अंतर्गत लगभग 100 कि.मी. लंबाई की 103 सड़कें स्वीकृति हेतु प्रस्तावित की गई हैं। आने वाले समय में बड़वारा के प्रत्येक गांव तक पक्की सड़क होगी। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी और आम जनता ने सांसद हिमाद्री सिंह और विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह का आभार प्रकट किया है ।

### मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कनिष्ठ अभियंता को सौंपा गया

## विद्युत कार्यालय का ग्रामीणों ने किया घेराव, विरोध प्रदर्शन कर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

विद्युत वितरण केंद्र देवगांव अंतर्गत आने वाले 40 गाँवो मैं लचर विद्युत व्यवस्था ,अघोषित कटौती, जले पड़े ट्रांसफार्मरो, मनमाने बिजली बिलों के विरोध मे शनिवार को युकां के नेतृवय मैं ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। विद्युत विभाग के अधिकारियों व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ।नारेबाजी करते हुए ग्रामीण सड़क में बैठ गए जिससे कटनी-रीठी मार्ग पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति निर्मित हो गई । इसके बाद ग्रामीण विद्युत मंडल कार्यालय देवगांव का घेराव किया।



युकां के नेतृवय मैं आयोजित विरोध प्रदर्शन में मुख्यमंत्री के नाम देवगांव कनिष्ट अभियंता को ज्ञापन सौपा गया।सौपे गए ज्ञापन के माध्यम से युकां पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि क्षेत्र में विद्युत की लचर व्यवस्था है।मनमाने तरीक़े से अघोषित कटौती की जाती है।जिससे कृषि सिंचाई नही हो पा रही है।गाँव-गांव कृषि व घरेलू ट्रांसफार्मर खराब पड़े है जिनका सुधारकार्य नही करवाया जा रहाजिससे ग्रामीण जन परेशान है। रात्रि में अंधेरे मैं रहने की मजबूरी ग्रामीण क्षेत्रों मे बन रही है।

मनमाने तरीके से बिना मीटर की रीडिंग किए मनचाहा बिल भेजा रहा है।बिल न मिलने पर विद्युत लाइन काटी जा रही है।सौपे गए ज्ञापन से अल्टीमेटम दिया गया कि यदि सात दिवस मैं विद्युत समस्याओं का निदान नही होता है तो फिर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान बहोरीबंद युकां विधानसभा अध्यक्ष दीपक यादव,रामसुजान यादव, रोहिणी यादव, देवकरण,मं गतराम, अंशुमान, चुम्मा चौधरी, ज्ञानी, भागीरथ, विजय चक्रवर्ती,रामलाल बेन, शंकर, प्रदीप, शिवकुमार, संदीप, बाला प्रसाद सहित बहुत बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## योजना के लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्यपूर्ति करने दी हिदायत



वित्तीय वर्ष समाप्त होने के पूर्व सभी विभाग एवं बैंकर्स स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं के लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही योजनांतर्गत ब्याज अनुदान की राशि क्लेम करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक में दिये। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने शासन द्वारा प्रदाय लक्ष्यों में पिछड़ने वाली बैंकों को स्थिति में तुरंत सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत ब्याज अनुदान क्लेम करने के लिए सभी बैंकर्स को निर्देशित किया। सभी बैंकों को निर्देशित किया गया कि वे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा प्रकरण स्वीकृत करें और जो प्रकरण वितरण हेतु लंबित है, उनमें शीघ्र ऋण वितरण की कार्यवाही करायें। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना के लक्ष्यों के अनुरूप लक्ष्यपूर्ति करने की भी हिदायत दी। कलेक्टर ने पीएमएफएमई योजना की प्रकरणवार समीक्षा की और सभी बैंकर्स को लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुये विभाग को बैंको से समन्वय करने हेतु निर्देशित किया।

## कृषक कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में शनिवार को किसानों को प्राकृतिक खेती और उन्नत तकनीक के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय से मिशन चौक तक जिला स्तरीय मोटर साइकिल रैली निकाली गई। रैली को विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा और कलेक्टर आशीष तिवारी व जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी तथा उपसंचालक कृषि अरूणिमा सेन अयंगर तथा सहायक संचालक कृषि डॉ. रामनाथ पटेल व मनीष मिश्रा, पर्यावरणविद एवं सचिव मानव जीवन विकास समित निर्भय सिंह सहित विकासखंड और तहसील मुख्यालय से आये कृषि, पशुपालन विभाग के मैदानी अमले में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



मोटर साईकिल रैली का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर से मिशन चौक तक किया गया। मिशन चौक तक पहुंचकर मिशन चौक से वापस कलेक्ट्रेट पहुंची। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता रही।

कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन फसल की बोनी के पूर्व कृषि रथ का संचालन जिलें के समस्त छः विकासखण्डों में किया जा रहा है, जिसमें तकनीकी दल द्वारा विकासखण्डों के सभी ग्राम पंचायतों में जाकर कृषि से संबंधित नवीन तकनीकी की जानकारी दी जा रही है। शनिवार को विकासखण्ड बड़वारा में ग्राम पंचायत कुठिया महगवां, बुजबुजा, तुरमी विकासखण्ड बहोरीबंद में ग्राम पंचायत कुआं, राखी, जुजावल विकासखण्ड ढीमरखेडा में ग्राम पंचायत घुघरी, कछारगांव, बम्हनी विकासखण्ड रीठी में ग्राम पंचायत-घुडहर, बडखेरा, घुघरा विकासखण्ड- विजयराघवगढ में ग्राम पंचायत मोहस, मुडेहरा, जुगिया में इस अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## डीआईजी ने ली अपराध समीक्षा बैठक, दिये दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज अतुल सिंह द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम कटनी में जिले की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान लंबित अपराधों, लंबित शिकायतों, मर्ग प्रकरणों, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, जमानत निरस्तीकरण तथा लघु अधिनियमों के प्रकरणों जिनमें अवैध गौवंश परिवहन, अवैध हथियार, जुआ-सट्टा एवं शराब तस्करी प्रमुख रहे, पर विस्तृत समीक्षा की गई।

डीआईजी अतुल सिंह ने प्रत्येक लंबित एवं गंभीर अपराध, जिनमें आरोपियों की गिरफ्तारी शेष है, उनके संबंध में संबंधित एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों से क्रमवार चर्चा कर शीघ्र निराकरण एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। साथ ही आगामी कानून-व्यवस्था की चुनौतियों को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।





बैठक में लंबित संपत्ति संबंधी अपराधों में पतारसी व बरामदगी सुनिश्चित करने तथा महिला एवं शरीर संबंधी अपराधों का शीघ्र निराकरण। फरार एवं वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी। जिले में नाबालिग बालिकाओं से संबंधित अपराधों की समीक्षा। सीएम हेल्पलाइन, आयोग, पीएचक्यू एवं आईजी कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण। जुआ-सट्टा, अवैध गौवंश परिवहन, अवैध हथियार एवं शराब तस्करी पर कड़ी एवं त्वरित कार्रवाई। आदतन अपराधियों के विरुद्ध जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही। मर्ग, गुम इंसान एवं शिकायत प्रकरणों का त्वरित निराकरण। प्रभावी कांबिंग गश्त संचालित करने के निर्देश।▫ स्थायी एवं फरारी वारंटों की तामीली में तेजी। प्रत्येक लंबित अपराध की नियमित मॉनिटरिंग। न्यायालयीन कार्यवाही, सम्मन-वारंट तामीली, ऑनलाइन एमएलसी व पीएम रिपोर्ट, CCTNS रैंकिंग सुधार तथा IRAD पोर्टल में डाटा फीडिंग पर विशेष जोर।अपराध समीक्षा बैठक के उपरांत डीआईजी अतुल सिंह ने पुलिस कंट्रोल रूम में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम एवं साइबर सेल कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने लाइव मॉनिटरिंग, तकनीकी संसाधनों एवं साइबर अपराधों के निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए तथा कटनी पुलिस द्वारा किए जा रहे नवाचारों की सराहना की।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, जिले के समस्त एसडीओपी, थाना एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

### विसंगतियों के निराकरण के लिये दिया गया प्रशिक्षण

# एसआईआर के कार्य को गंभीरता के साथ चुनावी मोड पर करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 का कार्य सतत जारी है। इसी क्रम में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष तिवारी ने जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिये नियुक्त अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के प्रशिक्षण सह समीक्षा के दौरान एसआईआर के कार्य को सभी को गंभीरता से लेने और चुनावी मोड पर जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिये।



कलेक्टर ने कहा कि बीएलओ ऐप की लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी (विसंगतियों) की जांच कर यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। इस दौरान लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी का निराकरण पोर्टल पर करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

इस दौरान बताया गया कि निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत किये गये सत्यापन के दौरान जिन मतदाताओं को नो मैपिंग में रखा गया था तथा ऐसे मतदाता जिनके स्वयं के नाम उम्र एवं माता-पिता, दादा-दादी के नाम तथा उम्र व रिश्तों में अंतर पाया गया उन्हें लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी विसंगति की श्रेणी में रखा गया है। बताया गया कि पिता के नाम का मतदाता सूची से मिलान न होना, लिंग की गलत प्रविष्टि, दादा-दादी एवं मतदाता की उम्र में 40 वर्ष से कम का अंतर तथा पिता एवं संतान के बीच 15 वर्ष से कम उम्र के अंतर जैसी विसंगतियों का निराकरण किया जाना है। ताकि मतदाता सूची को शुद्ध बनाया जा सके।

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी विसंगति एवं जो मतदाता पूर्व में मैप किये जा चुके हैं उनका सत्यापन कर फाइनल मतदाता सूची में भेजें। इसके अलावा कलेक्टर ने नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई का कार्य पूर्व से नियुक्त तहसीलदार व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री तिवारी ने एसआईआर के कार्य में लगे सभी ईआरओ को बिना संबंधित एसडीएम की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीलांबर मिश्रा और सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहित ईआरओ एवं एईआरओ मौजूद रहे।

## खाद वितरण के लिए ई-विकास प्रणाली लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

किसानों की सुविधा के लिए उर्वरक वितरण ई-विकास प्रणाली लागू की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत अब किसानों को खाद (उर्वरक) प्राप्त करने के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना होगा और मोबाईल व कियोस्क सेंटर के माध्यम से वे अपना ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे।

ई-विकास प्रणाली में ई-टोकन प्राप्त करने हेतु किसान ई-विकास प्रणाली पोर्टल etoken.mpkrishi.org पर अपने आधार नंबर और मोबाइल ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीयन होते ही पोर्टल में स्वतः ही 'AgriStack' के माध्यम से किसान की भूमि की जानकारी प्रदर्शित हो जायेगी। कृषकों को प्रदर्शित भूमि की जानकारी के अनुसार खसरा अनुसार बोई गई फसलों की जानकारी स्वयं ही दर्ज करनी होगी। भूमि के रकबे एवं दर्ज की गई फसल की जानकारी के आधार पर पोर्टल स्वतः ही वैज्ञानिक अनुशंसा अनुसार उर्वरक की गणना कर किसान को आवश्यक कुल उर्वरक की मात्रा प्रदर्शित हो जायेगी। प्रदर्शित उर्वरक की मात्रा अनुसार किसान अपनी सुविधा अनुसार नजदीकी खाद विक्रय केंद्र (जिला विपणन केन्द्र, मार्केटिंग सोसाइटी, सहकारी समितियों, एमपी एग्रो या निजी विक्रेता) का चयन कर डिजिटल ई-टोकन जनरेट कर सकेंगे। किसान यह भी चयन करेगेंगे कि वे सहकारी समिति के सदस्य है कि नहीं। यदि वे सहकारी समिति के सदस्य है तो वे सहकारी समितियों का विकल्प चयन कर ई-टोकन प्राप्त कर सकेगें। जबकि, सहकारी समिति के सदस्य न होने की दशा में नहीं का चयन कर अन्य नगद उर्वरक विक्रेताओं (जिला विपणन केन्द्र, मार्केटिंग सोसाइटी, एमपी एग्रो या निजी विक्रेता) का चयन कर ई-टोकन जनरेट कर सकेगें।

ई-टोकन जनरेट होने के बाद किसान को निर्धारित तिथि से 3 दिन (अवकाश दिवसों को छोड़कर) के भीतर खाद उठाना अनिवार्य है। 3 दिन उपरांत खाद न लेने पर ई-टोकन स्वतः निरस्त हो जाएगा एवं किसान पुनः ई-टोकन जनरेट कर खाद प्राप्त कर सकेगें। पात्रता अनुसार एक किसान एक माह में अधिकतम 50 बोरी उर्वरक प्राप्त कर सकता है। दोबारा खाद की आवश्यकता होने पर 30 दिन के अंतराल के बाद ही अगला टोकन बुक किया जा सकेगा।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि ई-विकास प्रणाली से खाद की कालाबाजारी और बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त होगी।

## खबर संक्षेप

### प्रवेश पत्र जारी, 7 फरवरी को होगी परीक्षा

**कटनी।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, बड़वारा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिये कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश लेने हेतु आयोजित होने वाली लेटरल एंट्री चयन प्रवेश परीक्षा के लिये नवोदय विद्यालय समिति द्वारा ऑनलाईन प्रवेश पत्र जारी कर दिये गये हैं। विद्यालय के प्राचार्य प्रेम प्रकाश ने बताया कि विद्यार्थी अपनी पंजीयन संख्या एवं जन्मतिथि का उपयोग कर कक्षा 9वीं के लिये नवोदय विद्यालय की वेबसाईट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में समस्या आ रही हो, वे कार्यालयीन समय में विद्यालय के परीक्षा प्रभारी के के शर्मा या कार्यालय अधीक्षक से संपर्क कर कर सकते हैं। चयन परीक्षा शनिवार 7 फरवरी को आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को सुबह 10:30 बजे परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी प्रवेश पत्र पर अंकित है। कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा दो परीक्षा केन्द्र देल्ही पब्लिक स्कूल (जबलपुर बायपास रोड चाका) एवं बार्डस्ले इंग्लिस मीडियम सीनियर सेकेन्डरी स्कूल (मिशन चौक, कटनी) में आयोजित की जायेगी। जबकि कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा केन्द्र पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा निर्धारित किया गया है।

### नजूल वसूली माधवनगर में शिविर 4 फरवरी को

**कटनी।** नजूल संबंधित वसूली पुनर्वास और धारणाधिकार संबंधित वसूली के लिए अलग-अलग स्थानों में शिविर लगाये जा रहे हैं। संबंधित व्यक्ति शिविर में आकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। तहसीलदार द्वारा शिविर के लिये जारी कार्यक्रम के मुताबिक 4 फरवरी को पुत्री शाला माधवनगर में, 6 फरवरी को पंचायत भवन (नगर निगम कार्यालय माधवनगर) में, बुधवार 11 फरवरी को गणेश चौक में और 13 फरवरी को पोस्ट ऑफिस माधवनगर में सुबह 11:30 से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### रीठी में संपूर्णता अभियान 2.0 का हुआ शुभारंभ

**कटनी।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा क्रियान्वित आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के चयनित आकांक्षी विकासखंड रीठी में संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता रमेश मेहरा, कलेक्टर आशीष तिवारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, असिस्टेंट सीईओ जिला पंचायत कटनी, एडिशनल सीईओ जिला पंचायत, सीईओ जनपद पंचायत रीठी, आकाशी ब्लॉक फेलो, जनपद पंचायत रीठी से अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधिगण, विभागीय प्रमुख जिला एवं ब्लॉक तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। नीति आयोग द्वारा संचालित ₹संपूर्णता अभियान 2.0₹ का मुख्य उद्देश्य आगामी तीन माह की अवधि में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं पशुपालन विभागों से संबंधित 6 प्रमुख संकेतको को 100 प्रतिशत संतृप्ति तक पहुंचना है। यह अभियान विभागीय समन्वय, जन भागीदारी, फ्रंटलाइन वर्कर्स की सक्रिय भूमिका तथा सतत निगरानी पर आधारित है।

### घर में घुसकर मारपीट करने पर दर्ज हुआ मामला

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भट्टा मोहल्ला में एक परिवार पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने न केवल घर में घुसकर गाली-गलौज की, बल्कि परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट कर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। जानकारी के अनुसार घटना गत रात करीब 10 बजे की है। प्रार्थी के मामा का घर जो मदन मोहन चौबे वार्ड भट्टा मोहल्ला में है, वहां पप्पू खान और गोलू कोल पहुंचे। आरोपियों ने दुकान से अवैध वसूली मांगा और बात न मानने पर घर में घुसकर उत्पात मचाना शुरू कर दिया। हमले में चार लोग घायल हुए हैं जिनमें शिवा कोल 17 वर्ष, भागवती कोल 35 वर्ष, शंकर लाल कोल 48 वर्ष, राज उर्फ रामेश्वर कोल 16 वर्ष शामिल हैं।

---

रंगनाथ नगर में श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ, पं. इंद्रेश महाराज कराएंगे कथा का रसपान

# नगर में निकली भव्य शोभायात्रा, जगह जगह अगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





रंगनाथ नगर में श्रीमद भागवत कथा का शनिवार से भव्य शुभारंभ हुआ। कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा सिद्ध पीठ 1000 दक्षिण मुखी बड़े हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई। मंदिर परिसर में विधिविधान से पूजन-अर्चन के पश्चात श्रद्धालु महिलाओं को कलश प्रदान किए गए। सैकड़ों महिलाओं ने अपने सिर पर सुसज्जित कलश धारण कर भक्ति भाव के साथ यात्रा का शुभारंभ किया। भगवा वस्त्रों में सजी महिलाएं, सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। कलश यात्रा में इन्दिरारमण स्वामी महाराज की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने सर्वप्रथम दक्षिण मुखी बड़े हनुमान जी मंदिर में प्रभु की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात मंदिर के सेवादारों द्वारा स्वामीजी की आरती कर उनका अभिनंदन किया गया। सुसज्जित बग्गी में विराजमान महाराज ने शोभायात्रा की भव्यता को और अधिक दिव्यता प्रदान की। यात्रा जैसे-जैसे शहर के प्रमुख मार्गों से होकर आगे बढ़ी, पूरा नगर हरि नाम और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालु नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर, आरती उतारकर और शंख-नाद के साथ इस ऐतिहासिक कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। हाथों में ध्वज, भक्ति गीतों पर थिरकते हुए श्रद्धालु चल रहे थे।

श्री रंगनाथ सेवा समिति के तत्वाधान में 31 जनवरी से 6 फरवरी तक आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में कथा व्यास इन्द्रेश उपाध्याय महाराज (श्रीधाम वृंदावन) कथा का अमृतपान कराएंगे। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्री रंगनाथ हनुमान मंदिर के पीछे, रंगनाथ नगर (साउथ स्टेशन के पास) विशाल एवं सुव्यवस्थित पंडाल में किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, स्वास्थ्य, फायर ब्रिगेड, पेयजल एवं स्वच्छता के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से संपूर्ण परिसर सीसीटीवी कैमरों से लैस है। श्रद्धालुओं के लिए 9 विशाल एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं।

#### महापौर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने पार्षद साथियों के साथ कथा पंडाल पहुँचकर नगर निगम द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। महापौर ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने उपस्थित निगम के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कथा आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आयोजन अवधि के दौरान निगम की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएँ। उन्होंने विशेष रूप से नियमित साफ-सफाई, कीटनाशक दवाओं के छिड़काव, पहुँच मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा सुचारू यातायात संचालन हेतु हांका गैंग को पूर्ण मुस्तैदी से कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना का सशक्त माध्यम भी है। ऐसे आयोजनों से नगर में सकारात्मक वातावरण निर्मित होता है तथा जनसहभागिता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए नगर निगम की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

---



# निपुण विद्यालय बनाने शालाओं की हो रही लगातार मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार डाइट कटनी की टीम द्वारा जिले की प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में अकादमिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है।

शासकीय माध्यमिक शाला भदौरा, बरछेका, कांटी, सिजहनी एवं शासकीय प्राथमिक शाला भटिया सिजहनी एवं धौरा का अनुवीक्षण किया गया। मॉनिटरिंग के दौरान कक्षा अध्यापन का अवलोकन, विद्यार्थियों की सहभागिता, पुस्तकालय संचालन, लेनदेन कार्ड संधारण एवं अभ्यास पुस्तिकाओं की जांच का अवलोकन किया गया। साथ ही सभी प्राथमिक विद्यालयों में तीन-तीन विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का आकलन किया गया। प्राथमिक शाला धोरा एवं कांटी में कक्षा 2 एवं कक्षा 3 का स्तर अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं था। माध्यमिक शाला सिजहनी, भदौरा एवं भटिया में व्यवस्थित पुस्तकालय संचालन हेतु शिक्षकों को सुझाव दिए गए एवं एक सप्ताह की समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जन शिक्षक को दिए गए निर्देशों के फॉलोअप कर एक सप्ताह पश्चात डाइट कटनी को पालन प्रतिवेदन भेजने हेतु निर्देशित किया गया।

माध्यमिक शाला भदौरा, बरछेका एवं सिजहनी में सभी विद्यार्थियों से संवाद किया गया। गहराई से पढ़ना, अंग्रेजी भाषा में संवाद करना एवं अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने हेतु विस्तार से चर्चा की गई। प्रत्येक विद्यालय को लक्ष्य दिए गए हैं, जिनका तय समय-सीमा में वीडियो कॉल द्वारा फॉलो अप किया जाएगा। निर्देशित किया गया कि सुधार योग्य विद्यालयों को अच्छे विद्यालयों का भ्रमण कराया जाए।

---

*जिला अस्पताल मे मनाया गया कुष्ठ निवारण दिवस*

# कुष्ठ रोग खान पान या छुआछूत से नहीं होता, समाज में फैली भ्रांतियां निराधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला चिकित्सालय कटनी में कुष्ठ निवारण दिवस मनाया गया। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान भारत सरकार द्वारा कुष्ठ रोग के उन्मूलन और समाज में इसके प्रति फैले भेदभाव को खत्म करने के लिए चलाया जाने वाला एक प्रमुख राष्ट्रव्यापी अभियान है। यह अभियान हर साल 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (एंटी-लेप्रोसी डे) के अवसर पर शुरू किया जाता है और 13 फरवरी तक तक चलता है।

अभियान का शुभारंभ कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जारी अपील का वाचन कर कुष्ठ रोगियों का सम्मान करके किया गया। इस दौरान बताया गया कि महात्मा गाँधी के द्वारा कुष्ठ रोगियों की सेवा के माध्यम से यह संदेश समाज में देने का प्रयास है कि कुष्ठ रोग के प्रति समाज में जो भ्रम, भय, भ्रान्ति और भेदभाव व्याप्त है, यह निराधार है। कुष्ठ रोग एक साधारण बीमारी है, जो जीवाणु से होता है। कुष्ठ रोग खान-पान या छुआछूत से, पाप-श्राप से नहीं होता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ० राज सिंह ठाकुर ने बताया कि इस रोग में चमड़ी के रंग से फीके हल्के बदरंग पीले या गुलाबी रंग के एक या अनेक दाग होते हैं। इन दागों में न दर्द होता है, न चुभन, न ठंडा लगता है न गरम ये दाग सूखे सुन्न हो जाते हैं। किसी-किसी की चमड़ी पर विशेषकर चेहरे पर व अन्य भागों पर तामिया, तेलिया, चमक, गाठे, मोटापन सा लगता है। किसी-किसी को हाथ पैरो में झुनझुनी और सुन्नपन, सूखापन, मोटापन सा लगता है। किसी-किसी को सतही तंत्रिका में मोटापन, सूजन हो जाती है व टटोलने पर उसमे दर्द होता है, तो कुष्ठ रोग हो सकता है।

इसके निदान के लिये अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। जिले के शासकीय जिला अस्पताल में प्रतिदिन इस बीमारी की जाँच व उपचार निःशुल्क किया जाता है। ऊपर बताये गये एक भी लक्षण मिलने पर आप अपने पास के आशा कार्यकर्ता या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सीधे जिला चिकित्सालय में संपर्क कर अपनी जाँच करा सकते हैं। यदि आप ग्रामीण क्षेत्र में है तो अपने निकटतम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व उपस्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करके अपनी जाँच करा सकते हैं। चूंकि इस रोग में प्रारंभिक अवस्था में कोई परेशानी नहीं होती इसलिए लोग अपनी जाँच कराने नहीं आते और अपनी बीमारी के बारे में अन्य लोगो को नहीं बताते, जिससे बीमारी बढती जाती है।

सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर एवं जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने समाज के सभी लोगों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवकों एव प्राइवेट चिकित्सको से अपील की है कि कोई भी लक्षण मिलने पर उन रोगियों को जिला अस्पताल के कमरा नं. 62 में या अपने निकटतम शासकीय स्वास्थ्य केंद्र पर भेजने हेतु प्रेरित करें और कुष्ठ मुक्त की दिशा में एक सराहनीय योगदान दें।

---

## ग्राम भुड़सा में हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन



ग्राम भुड़सा में 30 जनवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, गौ माता एवं कन्या भूमि पूजन के साथ वैदिक विधि से की गई ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षक गुलजार सिंह रहे। मातृशक्ति के रूप में नंदिनी वाटिया उपस्थित रहीं। संतों के सान्निध्य में मुख्य वक्ता चंदन भाईसाहब ने ओजस्वी उद्बोधन देते हुए सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभाव को मजबूत करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में तीरथ प्यासी और राजेश सिंह बैस मौजूद रहे ।सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में माता-भगिनी, बुजुर्ग, युवा एवं समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन सचिन सिंह चौहान ने किया ।आयोजन को सफल बनाने में खंड कार्यवाह सतेंद्र सिंह, खंड विस्तारक शिवचरण, अनुपम निगम, एच.पी. चंद्रास्वामी, कमलेश पांडे, संजय पाटकर, आशीष सिंह, संदीप महोबिया, गंगाराम साहू, सुजीत महोबिया, सुनील महोबिया सहित अन्य साथियों, समस्त क्षेत्र एवं ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा ।कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती एवं वंदे मातरम् का सामूहिक गान किया गया। इसके बाद समरसता भोज के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

---

# जिले के उर्वरक विक्रय केन्द्रों में पहुंची 1070 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद जिले के उर्वरक विक्रय केन्द्रों पर पहुंच गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निरंतर प्रयासों से जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु गुरूवार को 1070 मीट्रिक टन यूरिया की खेप झुकेही रैक प्वाइंट पर आई थी। इससे जिले में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है और किसानों को जरूरत के मुताबिक पर्याप्त खाद मिल सकेगी।

कलेक्टर ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके।

जिला विपणन अधिकारी आनन्द नारायण पांडे ने बताया कि गुरूवार को आने वाली रैक से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 200 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 185 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 185 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की गई है। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 200 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया में आवंटित की गई है।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की गई है। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन खाद मिली है। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एवं बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071 पर दे सकते हैं।

---

*ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम का आयोजन*

# एकजुट होकर आपसी सहयोग से गांव का समृद्ध विकास करने ग्रामीणों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा के मुख्यालय में 29 जनवरी को ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान अंतर्गत नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी कटनी एवं स्थानीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कन्हवारा के सहयोग, और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता रामानुज पांडेय के समन्वय से स्थानीय गढ़ी हनुमान मंदिर परिसर में ग्राम उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी केशव तोमर सुनील विश्वकर्मा, राजेश पांडे, बृजेश नामदेव की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में उपस्थित महिलाओं के द्वारा संगीत के साथ सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए सभी उपस्थित जनों को अपने ग्राम को एकजुट होकर परस्पर सहयोग से सभी क्षेत्रों में समृद्ध बनाने के लिए प्रेरित किया, साथ ही शासन की योजनाओं का पात्रता अनुसार लाभ लेते हुए दूसरों को भी लाभ दिलाने में सहयोग करने का आह्वान किया।

अतिथि के रूप में उपस्थित केशव तोमर ने ग्राम को स्वच्छ बनाने, नशा मुक्त बनाने, विवाद मुक्त बनाने के साथ-साथ जल संचय, पर्यावरण संरक्षण, एवं स्वदेशी अपनाने के संबंध में जानकारी दी और ग्राम को समृद्ध बनाने के लिए सहयोग की अपेक्षा की। ग्राम उत्सव के आयोजन में उपस्थित महिलाओं एवं स्कूल के छात्र छात्राओं की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नवांकुर संस्था के द्वारा नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए। गांव में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देने वाली वरिष्ठ जनों को भी नवांकुर संस्था के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में नवांकुर संस्था बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के सेक्टर प्रभारी गनपत कोल, कार्यालय प्रमुख श्रीमती माया गुप्ता, समाजसेवी अवधेश तोमर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र नामदेव सचिव अतुल पांडेय, का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

---

शासकीय हाई स्कूल छपरा मे आयोजित हुआ कैरियर मेला

# तहसीलदार ने विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने दिया मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



विद्यालयों मे अध्ययनरत विद्यार्थियों को भविष्य मे उनके कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान करने कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम मे शासकीय हाई स्कूल छपरा मै पांच दिवसीय कैरियर मेला आयोजित किया गया। कैरियर मेला के तहत 27 जनवरी को जन शिक्षक अखिलेश पांडेय एवं नीरज उरमलिया के द्वारा कैरियर मेला का शुभारंभ किया गया। 28 जनवरी को नीरज गुप्ता के द्वारा कौशल एवं व्यावसायिक शिक्षा पर बच्चों का मार्गदर्शन दिया गया। 29 जनवरी को शासकीय महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अभिषेक पटेल एवं सत्येंद्र सोनी के द्वारा शासकीय सेवाओं एवं उच्च शिक्षा से संबंधित जानकारी, छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी व उच्च शिक्षा के अवसर की जानकारी प्रदान की गईं।

30 जनवरी को भारतीय स्टेट बैंक के फील्ड ऑफिसर अविनाश कुमार ने जीवन कौशल, कैरियर योजना एवं भविष्य की तैयारी पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही विद्यार्थियों की आवश्यकता व क्षमता अनुरूप कैरियर निर्धारण करने उन्हें प्रेरित किया गया। कैरियर मार्गदर्शन की आवश्यकता, उद्देश्य, संबंधित क्षेत्र व अवसर तथा विषय पर आधारित कार्य क्षेत्र, दसवीं के बाद विषय का चुनाव तथा 12वीं व स्नातक के पश्चात कैरियर के अवसर पर मार्गदर्शन भी दिया गया।

वहीं कैरियर संबंधित विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया। साथ ही कहा कि विषय का चयन रूची अनुसार करें और आगे बढ़े। विषय को ध्यान में रखकर आगे बढ़े। कॅरियर का सही चुनाव होने पर जीवन मे खुशियां ही खुशियां आ जाती हैं जिंदगीभर प्रसन्नता रहती है।

### कैसे बने आईएएस व आईपीएस, दिया मंत्र

तहसीलदार सारिका रावत ने शनिवार को आयोजित कैरियर मेला मै छात्र-छात्राओ को प्रतियोगी परीक्षा मैं सफलता हासिल करे इसका मूल मंत्र दिया गया। कैसे आईएएस,आईपीएस व आईएफएस बन सकते है,इस पर विस्तृत जानकारियां दी गई। अन्य प्रतियोगी परीक्षा जैसे रेलवे, एसएससी,बैंक कर्मी ,सहायक ग्रेड 2 व 3 सहित अन्य पदों पर नॉकरी पाने कैसे प्रतियोगी परीक्षाओ में सफलता हासिल की जा सकती है इसकी जानकारियां दी गई!साथ ही कहा गया कि प्रयास करने वालो की कभी हार नही होती है जिनके मन की इच्छा कुछ बनने की होती है तो वो उसका लक्ष्य निर्धारण कर अपनी तैयारियां करते है। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग के तहत कैरियर योजना, कौशल आधारित रोजगार के महत्व, उच्च शिक्षा के विकल्प, विदेश में पढाई के लिए आवश्यक प्रक्रिया, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी , छात्र उद्यमिता के बारे में संवाद, उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के विकल्प, स्थानीय रोजगार के अवसर पर विद्यार्थियों के विचार को महत्व देते हुए उनके कैरियर से संबंधित प्रश्नों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य विनय हल्दकार, विनोद तिवारी, नोडल शिक्षक जितेंद्र तिवारी सहित स्कूल स्टॉप की उपस्थिति रही।

---

### ट्रेन की चपेट में आने से प्रौढ़ की मौत, शिनाख्त नहीं

**कटनी।** रुपौंध-झलवारा रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। यह हादसा रुपौंध-झलवारा तीसरी लाइन पर किलोमीटर संख्या 1015/21A-23A के मध्य हुआ। घटना की सूचना सुफेर पिता सम्पत राम 36 साल निवासी आजमगढ़ (हाल निवासी रेलवे फाटक, रुपौंध) द्वारा बड़वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुँचकर आवश्यक कार्यवाही शुरू की। हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति की उम्र लगभग 55 वर्ष बताई जा रही है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में हुलिए के आधार पर शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने इस मामले में धारा 194 बी.एन.एस.एस. (BNSS) के तहत मर्ग कायम किया

कार्यालय ग्राम पंचायत बड़ेरा, ज. पं. बड़वारा, जिला कटनी (म0प्र0)

**निविदा सूचना**

विषयांतर्गत लेख है कि वित्तीय वर्ष 2025 2026 हेतु दिनांक 01/02/2026 से 31/03/2026 की अवधि के लिए ग्राम पंचायत बडेरा जनपद पंचायत बड़वारा जिला कटनी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों की सामग्री की अपूर्ति हेतु पात्र विक्रेता / सप्लायर से सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्यों का विवरण**

1. भवन निर्माण, सी सी रोड निर्माण, नल जल निर्माण सीवर लाईन निर्माण व सड़क निर्माण व अन्य कार्यों हेतु।
2. निर्माण सामग्री रेत, लोहा, सीमेन्ट, गिट्टी, ईंट, चीप, दासा, बोल्डर, पाइप कोटा, स्टोन, मुरूम आदि।
3. फर्नीचर स्टेशनरी सामग्री।
4. इलेक्ट्रानिक सामग्री, कम्प्यूटर, लैपटाप तथा अन्य मरम्मत कार्य।
5. स्ट्रीट लाईट सामग्री क्रय हेतु।

सचिव (ग्राम पंचायत बड़ेरा) ज. पं. बड़वारा, जिला कटनी (म0प्र0)

**खास बातें**

## पथरिया में आज लगेगा सुपर स्पेशलिटी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल के निर्देशों के परिपालन में रविवार, 01 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में एक दिवसीय सुपर स्पेशलिटी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। इस शिविर में सुपर स्पेशलिटी ग्रुप सागर के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। इनमें गैस्ट्रो विशेषज्ञ डॉ. राजेश पटेल, न्यूरोसर्जन डॉ. शिवम गौर, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. चन्द्रशेखर रावत, यूरोलॉजिस्ट डॉ. रोहित नामदेव, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका पटेल, प्लास्टिक सर्जन डॉ. विवेक सुपाहा, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. मधुर जैन, एम.डी. मेडिसिन डॉ. श्वेता गौतम, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनयदीप बिदौल्या एवं फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. आशीष मिश्रा शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जिला चिकित्सालय से मानसिक रोग विशेषज्ञ एवं शिशु रोग विशेषज्ञ भी उपलब्ध रहेंगे। बीएमओ पथरिया डॉ. जतिन दुबे ने बताया शिविर में मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श के साथ-साथ दवाइयां एवं विभिन्न प्रकार की निःशुल्क जांच सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इनमें फाइब्रोस्कैन जांच, रक्त संबंधी जांच, हृदय रोग जांच, नेत्र परीक्षण तथा हड्डी संबंधी जांच शामिल हैं। उन्होने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की समुचित जांच कराएं।

### तेंदूखेड़ा में यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन बना मूकदर्शक

# अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात बना गंभीर समस्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तेंदूखेडा



नगर में अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था आमजन के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। दमोह–जबलपुर मुख्य मार्ग, तारादेही मार्ग, पुलिस थाना मार्ग, स्टेट बैंक मार्ग, राम मंदिर मार्ग सहित नगर का सबसे व्यस्ततम खकरिया क्षेत्र लंबे समय से दुकानदारों के अतिक्रमण और बेतरतीब वाहन पार्किंग की चपेट में है। स्थिति यह है कि इन मार्गों पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है और आए दिन छोटे-बड़े हादसे भी होते रहते हैं, लेकिन नगर प्रशासन और संबंधित विभाग इस ओर गंभीर नहीं है हालांकि पुलिस स्टाफ की कमी के चलते भी ऐसा हो रहा है नगर का 70 फीट चौड़ा मुख्य मार्ग शाम ढलते ही अतिक्रमण के चलते मात्र 10-10 फीट का रह जाता है। सड़क के दोनों ओर हाथ ठेले, अस्थायी दुकानें और कुछ दुकानदार तो सड़क पर ही अपना व्यापार संचालित कर रहे हैं। चार पहिया वाहन चालक मनमर्जी से वाहन खड़े कर देते हैं, वहीं दो पहिया वाहन भी सड़क के दोनों ओर अवैध रूप से खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे राहगीरों के लिए चलने तक की जगह नहीं बचती। दमोह–जबलपुर मार्ग पर हाई स्कूल से तारादेही चौराहे तक सड़क के दोनों किनारों पर दुकानदारों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। नगर परिषद की दुकानों के सामने बनी गैलरी को भी शटर और टीन शेड लगाकर बंद कर दिया गया है, जिससे पूरा दबाव सड़क पर आ गया है। इसके अलावा दुकानदारों द्वारा बड़े वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कर दिया जाता है, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित होता है। नगरवासियों को आज भी पूर्व में पदस्थ रहे एसडीओपी एमबीएस जग्गी एवं अवधेश तिवारी का कार्यकाल याद है, जब नगर में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ थी और अतिक्रमण करने की किसी की हिम्मत नहीं होती थी। उस समय पुलिस का खौफ था और नियमों का पालन होता था, लेकिन वर्तमान में हालात इसके ठीक विपरीत हैं। नगर परिषद, पुलिस एवं राजस्व विभाग समय-समय पर केवल औपचारिक कार्रवाई करते नजर आते हैं। कभी-कभार चालान काटकर खाना पूर्ति कर ली जाती है, जिससे न तो अतिक्रमण हटता है और न ही यातायात व्यवस्था में सुधार होता है। आमजन का कहना है कि पुलिस का डर समाप्त हो चुका है और जब तक कठोर व निरंतर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक नगर की यह अव्यवस्था ऐसे ही बनी रहेगी। अब नगरवासियों की मांग है कि प्रशासन संयुक्त रूप से सख्त कदम उठाए, अतिक्रमण हटाए और यातायात व्यवस्था को स्थायी रूप से सुधारने की दिशा में ठोस कार्रवाई करे, ताकि नगरवासियों को राहत मिल सके।

### इनका कहना है

नवागत पुलिस एसडीओपी अर्चना अहीर का कहना है कि नगर की व्यवस्था सुधारने की दिशा में हम नगर परिषद, राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम के साथ पहले समझाइस उसके बाद नहीं माने तो कार्रवाई की करेगे ताकि व्यवस्था में सुधार हो।

## सेक्टर हिनोताकलां की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित



**दमोह।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जन अभियान परिषद के माध्यम से ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत मोहन यादव सरकार के गौरव शाली दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सेक्टर हिनोता कलां विकास खण्ड हटा अन्तर्गत पंचायत भवन ग्राम निमरमुडा में दोपहर 12 बजे से एवं 3.30 से श्री राम जानकी मंदिर ग्राम रमतलैया में पृथक पृथक ग्रामोत्सव कार्यक्रमो आयोजन ग्राम की प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से नवांकुर संस्था संत नामदेव शिक्षा समिति हटा के द्वारा किए गए। ग्राम निमरमुडा के ग्रामोत्सव के आयोजन में सर्व प्रथम मां भारती, एवं स्वामी विवेकानंद जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प माला समर्पित कर शुभारंभ किया गया। माध्यमिक शाला निमरमुडा में पदस्थ शिक्षक शिवराज सिंह राजपूत ने शासन द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने वाली शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जब से मध्यप्रदेश शासन द्वारा बालिकाओं के हित में यह सभी योजनाएं संचालित की है तब से ग्रामीण क्षेत्रों के अभिभावक जागरूक हुए है। और अब बालिकाओं की स्कूलो में दर्ज संख्या में बढ़ोतरी हुई है। ग्राम के माध्यमिक स्कूल एवं हाईस्कूल में आठवीं, दसवीं कक्षाओं में उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को संस्था संत नामदेव शिक्षा समिति हटा द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से ग्राम पंचायत निमरमुडा के सरपंच प्रतिनिधि श्री ओमकार सिंह, माध्यमिक शाला के शिक्षक श्री धीरेन्द्र तन्तुवाय प्रस्फुटन समिति निमरमुडा के अध्यक्ष श्री धुवसिंह चंदेल, पुष्पेन्द्र सिंह लोधी, ओमपाल सिंह,धीरज सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन संत नामदेव शिक्षा समिति हटा के कार्यक्रम समन्वयक नीलेश अवस्थी द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के अन्त में आभार प्रदर्शन संस्था संचालक सुरेश कुमार नामदेव द्वारा किया गया। इसी प्रकार ग्राम रमतलैया के आयोजन में अतिथियों द्वारा मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित, माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्व प्रथम,ग्राम के उभरते कलाकारों के द्वारा शानदार भजनों का प्रस्तुतिकरण किया गया। संस्था के कार्यक्रम समन्वयक द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं संस्था द्वारा ग्राम कलाकारों एवं ग्राम के बुजुर्गों, उन्नत कृषकों का मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रस्फुटन समिति रमतलैया के अध्यक्ष देवीसिंह राजपूत, सचिव राहुल सिंह, भूपेन्द्र सिंह, बहादुर सिंह, देवेन्द्र सिंह एवं ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अन्त में आभार प्रदर्शन संस्था संचालक सुरेश कुमार नामदेव द्वारा किया गया।

## बच्चे तनाव मुक्त वातावरण में दें परीक्षाएं -कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हटा

आगामी दिनों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं होने जा रही है जिसकी तैयारियों को लेकर जिले भर के स्कूलों में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित कर कलेक्टर द्वारा बच्चों से सीधे संवाद किए जा रहे है। शनिवार की शाम नगर के नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पहुंचकर छात्रों से संवाद कर बताया कि सभी बच्चे तनाव मुक्त वातावरण में परीक्षा दें और जब भी परीक्षा देकर निकले तो वह विजयी होकर बाहर आए। उन्होंने बच्चों को बताया कि वह परीक्षा की घड़ी में बिल्कुल नहीं घबराएं ना ही तनाव में आए हम सभी उनके साथ है यदि कहीं कोई परेशानी हो तो दमोह हेल्पलाइन पर बताएं हम पूरी मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा में सफल होने के लिए सबसे जरूरी है प्रश्नों को ध्यानपूर्वक समझना। जब तक प्रश्न के हर शब्द और उसके अर्थ को ठीक से नहीं समझा जाएगा, तब तक सही उत्तर देना संभव नहीं है। कलेक्टर ने छात्रों को परीक्षा के समय तनाव से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि नियमित दिनचर्या बनाकर विषयवार अध्ययन करें। संतुलित आहार लें, समय पर नींद पूरी करें और पढ़ाई के दौरान खुद पर अनावश्यक दबाव न डालें। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास के साथ की गई तैयारी ही बेहतर परिणाम दिलाती है। कलेक्टर कोचर ने बच्चों को बताया कि किसी भी गलत व्यक्तियों की झांसे में ना आए जो लोग कहते हैं कि हम पेपर दिलवा देंगे नकल करवा देंगे पास करवा देंगे ऐसे लोगों की झांसी में न आए। ए परीक्षा जिंदगी की कोई आखिरी परीक्षा नहीं है इस परीक्षा के बाद भी जिंदगी में बहुत सारे पड़ाव आने वाले हैं तो किसी भी स्थिति में हताश निराश न हो और यदि आपके नंबर कम भी आते हैं तो कोई चिंता की बात नहीं है और फेल भी हो जाते हैं तब भी कोई चिंता की बात नहीं है हमारे लिए आपका जीवन कीमती है इसलिए निश्चिंत होकर अपनी पढ़ाई अच्छे तरीके से करें। आपकी प्रयास अच्छी होंगे तो निश्चित रूप से परिणाम अच्छे होंगे। छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं, विषय चयन और भविष्य की योजनाओं को लेकर प्रश्न पूछे, जिनका कलेक्टर ने सरल, व्यवहारिक और प्रेरणादायक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी.एल. बिदौल्या, बीआरसी एमएल अहिरवार, विद्यालय के प्राचार्य एम.एल. सेन सहित शिक्षकगण एवं शाला स्टाफ की उपस्थिति रही।

## भंडारा के साथ 27 कुंडीय मारुति महायंज्ञ सम्पन्न

**पथरिया।** देव बड़े हनुमान जी मंदिर बासाकलां में मंहत रघुनंदन गिरि नागा जी महाराज के संसघ सानिध्य में चल रहे आठ दिवसीय 1008 श्री मारुति महायज्ञ श्रीमद्भागवत कथा,हनुमान कथा,की पूर्णाहुति पर विशाल भंडारा के साथ समापन हुआ। प्राची देवी ने कहा कि,बांसाकलां ग्राम में हर घर में भगवान के मंदिर है इस गांव के श्रदालुओ में बड़ी श्रद्धा भक्ति है। भागवत कथा के श्रवण से मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके श्रवण से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और कलियुग में भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिलते हैं। श्रीमद्भागवत कथा सुनने से प्राणी को मुक्ति प्राप्त होती है कथा सुनने से मानव जीवन में संस्कार का उदय होता है जीवन में कितनी भी विकट परिस्थिति क्यों न आ जाए मनुष्य को अपना धर्म व संस्कार नहीं छोड़ना चाहिए। ऐसे ही मनुष्य जीवन के रहस्य को समझ सकते हैं। कहा कि जिसकी भगवान के चरणों में प्रगाढ़ प्रीति है, वही जीवन धन्य है। ईश्वर ने विभिन्न लीलाओं के माध्यम से जो आदर्श प्रस्तुत किया, उसे हर व्यक्ति को ग्रहण करना चाहिए। ऐसा करने से जीवन मूल्यों के बारे में जानकारी मिलने के साथ-साथ अपने कर्तव्य को भी समझा जा सकता है। मंत्रोचारण के साथ पूर्णाहुति और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों लोग महाप्रसाद ग्रहण करने उपस्थित थे।

## कांग्रेस ग्राम पंचायत कमेटी का हुआ पुनर्गठन



**सिंग्रामपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी आदेशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी जबेरा अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा एवं पूर्व विधायक प्रताप सिंह की उपस्थिति में पंचायत कमेटी का संगठन सृजन अभियान के तहत कमेटी का गठन किया गया जिसमें संगठन सृजन के तहत समस्त कार्यकर्ताओ द्वारा अलग अलग सुझाव दिए गए नवीन गठन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश एवं भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को ग्रामवासियों को अवगत कराया सरकार द्वारा किसानों आम जन किसी भी प्रकार का लाभ नही मिल रहा है। बैठक में उपस्थित प्रताप सिंह, पूर्व विधायक, गोविंद तिवारी,तेजी यादव, द्वारका सिंह जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, ओमप्रकाश शर्मा ब्लाक अध्यक्ष दीपकयादव जनपद सदस्य, प्रमोद धनगर, , कपिल राजपूत, दिनेश साहू, गोलू विश्वकर्मा, मुकेश सिंह मंजू सिंह, अनिता विश्वकर्मा, उपस्थिति रही।

## किले वाले बाबा साहिब के सालाना उर्स की तैयारियों की बैठक सम्पन्न

**हटा।** हज़रत मलंगशाह वली रहमतुल्लाह अलैह (किले वाले) बाबा साहिब के आगामी 69वें सालाना उर्स मुबारक के आयोजन को लेकर दरगाह परिसर में कार्यकारी अध्यक्ष कुंवर आदित्य वर्धन सिंह हजारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें उर्स के सफल आयोजन हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी उर्स 25 अप्रैल को अकीदत व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। आयोजन में बड़ी संख्या में जायरीन के आने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा, साफ-सफाई, लंगर व्यवस्था, रोशनी, यातायात तथा धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।समिति सदस्यों ने बताया कि उर्स के दौरान कव्वाली, चादरपोशी और फातिहा सहित अनेक धार्मिक व आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह उर्स क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहज़ीब, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक माना जाता है, जिसमें सभी समुदायों के लोग श्रद्धापूर्वक शामिल होते हैं। बैठक में इरशाद मैनेजर, रसीद अहमद सिद्दिकी, राजेश भाई पटेरिया, विनोद गुप्ता, लखन चौरसिया, सलीम सेठ, आशिक भाई सहित समिति के सदस्य एवं बाबा साहिब के चाहने वाले बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में जावेद खान (शिक्षक) द्वारा सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया तथा उर्स को शांतिपूर्ण और सफल बनाने हेतु सहयोग की अपील की गई।

## ग्रामीणों की मांग पर लगा विशेष शिविर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद पंचायत पटेरा के ग्राम गाड़ाघाट में आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर का आयोजन विगत सप्ताह किया गया। इस संबंध में जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक महेश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित शिविर में 67 आधार कार्ड बनाए गए हैं। इसी प्रकार सीईओ जनपद पंचायत हलधर मिश्रा ने बताया कि यहां पर 61 जन्म प्रमाण पत्र बनाए गए है। ज्ञात हो कि गत माह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने इस दूरस्थ आदिवासी अंचल पर रात्रि चौपाल लगाई थी और रात्रि विश्राम भी यहां पर किया था। इस दौरान रात्रि चौपाल में अनेक ग्रामीणजनों ने कलेक्टर से आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र संबंधी समस्याएं रखी थी जिस पर श्री कोचर ने तत्काल ही एसडीएम राकेश सिंह मरकाम को यहां पर जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए थे।

## विशाल हिंदू सम्मेलन में प्रभात फेरी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झलौन



क्षेत्र में आज विशाल हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन श्रद्धा, उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन पटना से पधारे प्रख्यात विद्वान पंडित जी के पावन सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम के प्रमुख चौराहे से प्रारंभ होकर बाजार प्रांगण तक भव्य प्रभात फेरी निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। प्रभात फेरी में भगवा ध्वज धारण किए हुए सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। फेरी में ग्राम झलोन सेहरी, मगदुपुरा, धनेटा, ओरिया मॉल, ससना, गुहची सहित दर्जनों ग्रामों से होकर गुजरी। इस दौरान "जय श्रीराम" और "सनातन धर्म की जय" जैसे गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। प्रभात फेरी में क्षेत्र के समस्त हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता, युवा, महिलाएं एवं वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आचार्य वीरेंद्र सिंह, दिनेश साहू, राम प्रसाद यादव, रेवाराम विश्वकर्मा,कुटुंब प्रबोधन प्रमुख यशवंत यादव , उपखंड कार्यवाह झलौन ब्रजेश यादव,मंडल कार्यवाह ससना बलवंत यादव ,राजेंद्र साहू, मंडल कार्यवाह सर्रा महेश यादव सहित आसपास के सभी ग्रामों के धर्मप्रेमी नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में सनातन संस्कृति की महत्ता, सामाजिक एकता और धर्म के प्रति जागरूकता पर प्रकाश डाला। आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना को जागृत करना, आपसी भाईचारे को मजबूत करना तथा हिंदू समाज को एकजुट करना रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में आयोजकों द्वारा सभी उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया और धर्म व संस्कृति की रक्षा हेतु निरंतर ऐसे आयोजनों के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## 19 वर्षीय गूंगे-बहरे युवक के लापता होने से मचा हड़कंप

**बनवार।** दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरी जालम गांव निवासी 19 वर्षीय युवक गोपाल सिंह लोधी उर्फ बोरा के रहस्यमय तरीके से लापता होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। युवक 23 जनवरी शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे शक्तिपुत्र महाराज जी के आश्रम, ब्यौहारी जिला शहडोल से निस्तार करने जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन इसके बाद से वापस नहीं लौटा। परिजनों के अनुसार गोपाल सिंह गूंगा एवं बहरा है, न तो बोल सकता है और न ही लिख सकता है। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर आसपास के गांवों एवं रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। 24 जनवरी को परिजनों ने थाना व्योहारी पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने गुम इंसान क्रमांक 0014/2026 कायम कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। गुमशुदा युवक का हुलिया— रंग गोरा, कद लगभग 6 फीट, बदन इकहरा। लापता होते समय उसने कत्थई रंग की जैकेट एवं हरे-काले रंग का लोवर पहन रखा था।

## पटेरा में विशाल हिंदू सम्मेलन में वक्ताओं ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह




नगर पटेरा में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ उसके पश्चात संदीपनी मॉडल विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया और रुद्राक्ष हाई स्कूल पटेरा की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई है। रामू चौरसिया और राम प्रभान शुक्ला जी द्वारा संगीत में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। नगर के सामाजिक व धार्मिक उत्थान के लिए कार्य करने वाले प्रभात फेरी मंडल के आयोजक अमृतलाल चौरसिया, संतोष सहारा, जय दुर्गा अखाड़ा की संचालक देवेंद्र ताम्रकार, मोहनलाल ताम्रकार, चंडी जी मंडल पुष्पेंद्र सोनी, मुन्ना अवधिया, रामायण मंडल से दिलीप चौरसिया, रवि विश्वकर्मा इन सभी का सम्मान श्री रामचंद्र जी के चित्र व श्रीफल से किया गया। संत वक्त स्वामी अनंताचार्य अमृत जी महाराज ने कहा हिंदू सम्मेलन जैसे कार्यक्रम हिंदू समाज को एकजुट करने का प्रयास करते रहते हैं। साथ ही सभी वर्गों में सामाजिक समरसता बनाने में सेतु का कार्य करते हैं। द्वितीय संत वक्ता आचार्य देव शरण जी महाराज ने कहा समझ में एकता सिर्फ दिखाने के लिए नहीं अपितु मन से हमें एक होना पड़ेगा तभी समाज का कल्याण होगा। तीसरे संत वक्ता पंडित दीपक उपाध्याय जी ने कहा हमें अपनी सनातन संस्कृति के गौरव गौ माता पूज्यनीय नारी हमारे मंदिर इनकी रक्षा के लिए एक होना पड़ेगा। मातृशक्ति वक्ता में श्रीमती नर्मदा सिंह चौहान ने संघ के पंच परिवर्तन के विषय रखें। श्रीमती कविता क्रोशिया ने नारी शिक्षा एवं नारी को अबला से सबल बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता श्री रामलाल जी पटेल ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में हिंदू समाज को संगठित होकर कार्य करने सांस्कृतिक चेतना को जागृत रखने तथा राष्ट्रहित में एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम के संयोजक मोहनलाल ताम्रकार जी एवं सहसंयोजक दीपक ताम्रकार, पुष्पेंद्र सोनी के सहयोग से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ श्रद्धा एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही जिसमें देवेंद्र ताम्रकार, पूर्व सरपंच पटेरा राजेश लंबरदार, जनपद उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि के रूप में अंशुल खटीक की उपस्थिति रही।

## कृषि विभाग के ग्रामसेवक की सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**सिंग्रामपुर।** कृषि विभाग जबेरा अंतर्गत सिंग्रामपुर में पदस्थ ग्रामसेवक किशन लाल चौरसिया के सेवानिवृत्ति अवसर पर कृषि विभाग जबेरा परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागीय स्टाफ एवं क्षेत्रीय लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। समारोह के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि किशन लाल चौरसिया ने अपने सेवाकाल में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण भाव से कार्य किया। उनके साथ कार्य करने का अनुभव सभी के लिए प्रेरणादायक रहा तथा उनका मार्गदर्शन सदैव स्मरणीय रहेगा। करीब 30 वर्षों तक ग्रामसेवक के रूप में सेवा देने के पश्चात किशन लाल चौरसिया आज कृषि विभाग की सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर उनके परिजन भी उपस्थित रहे। विदाई के भावुक क्षणों में सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। समारोह में सेवानिवृत्त ग्रामसेवक को पुष्पमाला, शॉल, श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम सचिव राकेश सिंह, गोलू साहू, निवेश जैन, अजय राय, मोतिलाल यादव, मुलायमचंद जैन, वीरेंद्र शुक्ला, सुरेंद्र सिंह राजपूत, लकड़ी पटेल, लके राजपूत, लालचंद राय, प्रमोद धनगर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## केरियर गाइडेंस एवं केरियर मेला का समापन सम्पन्न



**हिण्डोरिया।** नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक हिंडोरिया में पांच दिवसीय केरियर गाइडेंस एवं केरियर मेले का शनिवार को समापन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में संदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल पटेरा से ब्रह्मदीपक नामदेव, उमंग स्वास्थ्य केंद्र हिंडोरिया से दिलीप कुमार अहिरवार एवं ग्राम पंचायत कादीपुर से सचिव शोभा केसरवानी केरियर मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने विभिन्न केरियर के बारे में छात्रों का मार्गदर्शन किया उन्होंने छात्रों को विभिन्न शासकीय-अशासकीय रोजगारों एवं व्यवसायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी । छात्रों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु मार्गदर्शन दिया। साथ ही विभिन्न प्रकार के केरियर कार्ड एवं विमर्स पोर्टल पर केरियर गाइडेंस से संबंधित सामग्री के बारे में जानकारी साझा की। जिसके द्वारा छात्र अपने केरियर से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते है। एवं भविष्य में अपने करियर का निर्धारण कर सकते हैं । कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रेता चढ़ार, दीपिका सूर्यवंशी एवं रेखा रोहिताष द्वारा किया गया । अंत में प्रभारी प्राचार्य अनिल गर्ग द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## खेलो एमपी खेलो राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जबेरा की छात्राओं ने परचम लहराया



**जबेरा।** मध्य प्रदेश शासन के खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार विगत दिनों स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित राज्य स्तरीय खेलो एमपी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जबेरा नगर के शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की पांच छात्राओं ने उक्त खेल प्रतियोगिताओं में राज्य स्तरीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने विद्यालय एवं समस्त जबेरा क्षेत्र का नाम रोशन किया। उक्त प्रतियोगिताओं में विद्यालय से बैडमिंटन में माही बाजपेई के द्वारा (ग्वालियर )खो-खो में दीक्षा विश्वकर्मा एवं पलक पटेल की द्वारा ( जबलपुर)टीपू में निधि कुलस्ते एवं करीना लोधी के द्वारा ( ग्वालियर)में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। राज्य स्तरीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के उपरांत उक्त पांचो छात्राएं जब अपने विद्यालय में उपस्थित हुई तब शनिवार को विद्यालय के प्राचार्य संजय बाजपेई के निर्देशन में उक्त पांचो छात्राओं के सम्मान में एक सम्मान सभा का आयोजन किया गया जिसमें उक्त पांचो छात्राओं को असेंबली में सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। उक्त सम्मान समारोह में विद्यालय के प्राचार्य श्री संजय बाजपेई, विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### साकेत वार्ड बजरिया में नवीन आंगनवाड़ी भवन का हुआ लोकार्पण

## पोषण-शिक्षा-स्वास्थ्य की योजनाओं से सशक्त हो रहा दमोह - विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

केंद्र एवं राज्य सरकार का संकल्प है कि हर गरीब परिवार को पक्का मकान, बेहतर इलाज और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत देशभर में करोड़ों मकानों का निर्माण किया गया है और दमोह में भी जो आवास पूर्ण हो चुके हैं, उनका शीघ्र आवंटन सुनिश्चित किया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से प्रत्येक परिवार को 05 लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। इस आशय की बात पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने नगर पालिका दमोह के साकेत वार्ड बजरिया क्रमांक-07 में 11 लाख 22 हजार रूपये की लागत से आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 65 के नवीन भवन का लोकार्पण समारोह में कही। यह भवन न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से निर्मित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं कन्या पूजन से किया गया। विधायक श्री मलैया ने कहा कि नवीन आंगनवाड़ी केन्द्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक



महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी स्थान की कमी हैं, वहां बच्चों के खेल-कूद हेतु पर्याप्त जगह सुनिश्चित की जाए और आमजनों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से आंगनवाड़ी भेजें, जिससे उन्हें शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा यह वार्ड लंबे समय से आवश्यक सुविधाओं से वंचित रहा, लेकिन आज के कार्यक्रम ने वार्ड के विकास में एक नया अध्याय जोड़ा है। उन्होंने वार्ड पार्षद श्रीमती कविता राय की सराहना करते हुए कहा कि वे एक जुझारू पार्षद हैं, जो योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने कहा कि विधायक श्री जयंत मलैया के मार्गदर्शन में दमोह निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। वार्ड पार्षद कविता राय ने कहा वार्ड के बच्चों के लिए आंगनवाड़ी भवन का सपना आज साकार हुआ है। इसके लिए उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की पूरी टीम एवं श्री जयंत मलैया के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह लोधी ने कहा नगर पालिका का प्रयास है कि हर वार्ड में बच्चों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि उन्हें अन्य वार्डों में जाने की आवश्यकता न पड़े। परियोजना अधिकारी सुलेखा ठाकुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग पोस्ट ऑफिस के सहयोग से सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन योजना सहित अनेक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत "पोषण भी पढ़ाई भी" अभियान के तहत 3 से 6 वर्ष के बच्चों का प्रवेश उत्सव भी आयोजित किया गया। आंगनबाड़ी में गर्भवती महिलाएं 12, धात्री महिलाएं 6, 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चे 40, 3 से 6 वर्ष तक के बच्चे 64 एवं 28 किशोरियां की संख्या दर्ज हैं। कार्यक्रम में रमन खत्री, संजय सेन, बृज गर्ग, राघवेन्द्र सिंह परिहार, मौंटी रैकवार, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारीगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिलाएं एवं वार्डवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय सेन ने किया।

## यूजीसी की कानून के विरोध में आज पटेरा बंद

### बैठक में स्वर्ण समाज ने यू जी सी कानून की निंदा कर सरकार को कोसा, काला कानून वापिस होने तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



श्री रूंद वाले हनुमान मंदिर परिसर कुंडलपुर में पटेरा सवर्ण समाज की बैठक आयोजित की गई। सवर्ण समाज की बैठक में सर्व ब्राह्मण समाज, राजपूत क्षत्रिय समाज, जैन समाज, एवं कायस्थ समाज वैश्य समाज के गुप्ता, असाटी सहित अन्य सभी सवर्ण शामिल हुए। यू जी सी कानून के विरोध में आज एक फरवरी को भारत बंद के आव्हान का समर्थन करते हुए पटेरा को भी बंद रखने का निर्णय लिया गया। सभी सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने समाजवार इस विषय पर खुल कर अपनी बात कही व इस काले कानून के दुष्परिणामों पर गहन चिंतन किया। वक्ताओं ने कहा कि कानून बनाने वाली सरकार को हम सवर्ण समझने मुख्य रूप से समर्थन कर बनवाया है तो सरकार यदि न चेती तो गंभीर परिणाम होंगे। युवाओं ने अपने ओजस्वी विचारों से सभी को प्रेरित किया। पुलिस थाना एवं तहसीलदार को भी सूचना पत्र देने निर्णय लिया गया। स्वर्ण समाज के लोगों ने कहा कि यूजीसी द्वारा लागू किया गया यह नियम उच्च शिक्षा संस्थानों में समता स्थापित करने के बजाय छात्रों के बीच आपसी सद्भाव को नुकसान पहुंचा रहा है। सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि इस नियम के लागू होने से झूठी शिकायतों और निराधार प्रकरणों की आशंका बढ़ गई है, जिससे विशेषकर स्वर्ण समाज के छात्र-छात्राओं में भय और असुरक्षा का वातावरण बन रहा है। उन्होंने एक स्वर में मांग की कि इस नियम को किसी भी स्थिति में लागू न किया जाए।

#### व्यापारियों से मांगा समर्थन

बैठक के तुरंत बाद सभी सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने व्यापारियों से पटेरा बंद में समर्थन मांगा। सभी ने हर तरह से सहयोग का आश्वासन दिया।

### संत रविदास जयंती की भव्य शोभायात्रा

दमोह। संत शिरोमणि रविदास जयंती पर भव्य शोभायात्रा 1 फरवरी को आयोजन किया जा रहा है। जो कीर्ति स्तंभ, बस स्टेंड, स्टेशन चौरहा, राय चौराहा होते हुये घंटाघर से अम्बेडकर चौक पर समापन किया जायेगा। शोभायात्रा का समय 2 बजें से प्रारंभ की जायेगी। संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह के अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने सभी नगर वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में समस्त सामाजिक बन्धु पधारकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दे।

### लीनेस क्लब ने भेंट किया वाटर फिल्टर



**दमोह।** समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रही संस्था लीनेस क्लब द्वारा कंकाली माता मंदिर के पास स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययनरत बच्चों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वाटर फिल्टर दान किया गया। इस अवसर पर लीनेस क्लब की अध्यक्ष रजनी खरे ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ जल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि गंदे पानी के सेवन से अनेक गंभीर बीमारियाँ फैलती हैं और हाल ही में इंदौर में दूषित पानी पीने से कई लोगों की जान तक चली गई। ऐसे में बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। वाटर फिल्टर से बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर रहेगा, जिससे वे पढ़ाई में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे और उनका सर्वांगीण विकास होगा। इस सेवा प्रकल्प की प्रोजेक्ट डायरेक्टर सपना राजपूत रहीं। उन्होंने कहा कि बच्चों के हित में यह कार्य कर पाने पर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में योगदान देती रहेंगी। कार्यक्रम में लीनेस क्लब की सचिव ज्योति चिले, कोषाध्यक्ष माया यादव सहित रोजी बग्गा, स्मृति खरे, रिम्मी जुनेजा, पदमा दुवे, ज्योति सचदेव एवं शिल्पा राव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## महाकाली माता और गौतम ऋषि के प्रेरक प्रसंगों से भक्त हुए भाव-विभोर

### बम्होरी माला ग्राम में श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

। ग्राम बम्होरी माला में आयोजित भव्य एवं दिव्य श्री शिव महापुराण कथा में भक्तों की भीड़ प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। कथा व्यास श्रद्धेय आशीष कृष्ण चरणानुरागी आशीष महाराज जी के द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे शिव प्रसंगों ने सम्पूर्ण वातावरण को शिवमय बना दिया है। कथा के दौरान महाराज जी ने गौतम ऋषि और महाकाली माता के चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि गौतम ऋषि का जीवन तप, संयम और सत्यनिष्ठा का प्रतीक है। कठिन तपस्या और अटूट आस्था के बल पर ही मनुष्य अपने जीवन को पवित्र और श्रेष्ठ बना सकता है। विशेष रूप से कथा में महाकाली माता के प्रसंग ने उपस्थित भक्तों को गहरे भाव में डुबो दिया। महाराज जी ने श्री शिव महापुराण से यह बताया कि जब संसार में अत्याचार, अहंकार और अधर्म की सीमा बढ़ जाती है, तब माता शक्ति महाकाली के रूप में प्रकट होकर दुष्ट शक्तियों का संहार करती हैं। यह प्रसंग हमें यह सीख देता है कि शक्ति का उद्देश्य केवल विनाश नहीं, बल्कि धर्म की रक्षा और सत्य की स्थापना है। महाराज जी ने कहा, "महाकाली माता का स्मरण करने से मनुष्य में साहस, आत्मबल और विवेक का विकास होता है। जो व्यक्ति माता की भक्ति करता है, उसके जीवन से नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं और वह निर्भय होकर सत्य और धर्म के मार्ग पर चल सकता है।" यह प्रसंग उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए जीवन में अन्याय और अधर्म के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा बन गया। कथा स्थल पर शिव भजनों की मधुर धुनें और 'जयकारा-हर हर महादेव' के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना हुआ था। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि श्री शिव महापुराण कथा का उद्देश्य जनमानस में धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का संचार करना है। कथा के समापन तक प्रतिदिन विभिन्न शिव प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु जीवन में भक्ति, सत्कर्म और सदाचार अपनाने की प्रेरणा प्राप्त कर सकें।



आज मेले का अंतिम दिवस

## बुंदेली महोत्सव : कविता शर्मा की प्रस्तुति पर झूम उठा दमोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बुंदेली संस्कृति, लोककला और परंपराओं को समर्पित बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित बुंदेली दमोह महोत्सव 2026 के 16वें दिन सांस्कृतिक रंग अपने चरम पर दिखाई दिए। कार्यक्रम में देश की प्रख्यात गायिका कविता शर्मा की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया। उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया प्रसिद्ध बुंदेली गीत "आगड़ दम बागड़ दम" सुनते ही पूरा मैदान झूम उठा और दमोह वासी तालियों की गूंज के साथ थिरकते नजर आए। कार्यक्रम स्थल दर्शकों से खचाखच भरा रहा। कविता शर्मा की दमदार आवाज़ और पारंपरिक बुंदेली अंदाज़ ने माहौल को पूरी तरह बुंदेलखंडी रंग में रंग दिया। उनके साथ मौजूद संगीतकारों की टीम ने भी शानदार संगत कर प्रस्तुति को यादगार बना दिया। इसके पूर्व मंच पर नृत्य श्री एवं स्वर श्री प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों की ऊर्जा, भाव-भंगिमा और सुरों की मिठास ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं आर्केस्ट्रा टीम द्वारा प्रस्तुत किए गए मधुर गीतों ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। महोत्सव के दौरान बुंदेली गौरव न्यास की ओर से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया यह सम्मान न्यास द्वारा प्रतिवर्ष दिया जाता है, जिसके अंतर्गत शिक्षा, समाज सेवा, कला, संस्कृति एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को मंच पर सम्मानित किया जाता है बुंदेली गौरव न्यास के पदाधिकारियों ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य बुंदेली भाषा, संस्कृति और लोककलाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजकों ने सभी कलाकारों, अतिथियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।



## बदमाश ने घर के सामने चाकू लहराकर दी धमकी

### पीड़ति परिवार ने पुलिस में की शिकायत

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा थाना के सहजपुर गांव में एक बदमाश ने खुलेआम चाकू लहरा कर एक परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। इसका वीडियो भी सामने आया है। पीड़ति परिवार ने थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो आरोपी वहां से भाग निकला। जानकारी देते हुए सहजपुर गांव निवासी उमेश प्रताप भवानी प्रसाद टैगोरिया ने बताया कि अभिषेक चैधरी नामक युवक शनिवार की शाम उनके घर के सामने खड़े होकर गंदी-गंदी गालियां दे रहा था और चाकू लहरा कर उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी दे रहा था। वह बाहर रहकर ड्राइवरी का काम करता है और उसका छोटा भाई भी ड्राइवर है। जिस समय आरोपी घर के सामने चाकू लहरा रहा था घर में उसके माता-पिता थे। आरोपी लगातार गालियां देता रहा उसके पिता ने इसका वीडियो बनाया। जिसमें आरोपी खुलेआम कह रहा है कि वह हत्या कर चुका है और उसके बाद भी उसकी जमानत हो गई। अब वह तुम लोगों की हत्या करेगा। काफी देर तक वह चाकू लहराकर धमकी देता रहा है। इसके बाद पीड़ति भवानी प्रसाद ने तेंदूखेड़ा थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई। तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने बताया कि पीड़ति की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ जान से मारने की धमकी और गालियां देने की धारा में मामला दर्ज किया है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो आरोपी वहां से भाग निकला उसकी तलाश की जा रही है जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं पीड़ति के बेटे उमेश ने बताया कि एक साल पहले जमीन का केस लगा था जो वह जीत गए। उसकी जमीन में आरोपी के घर के करीब चार-पांच लोग रहते थे जिन्होंने स्वयं अपना कब्जा छोड़ दिया और कहीं और जाकर रहने लगे। तभी से आरोपी अभिषेक उनसे दुश्मनी रखने लगा और आए दिन इसी प्रकार जान से मारने की धमकी देता रहता है।

## तेजगढ़ में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ़



राष्ट्रीय संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में दमोह के खंड तेंदूखेड़ा अंतर्गत उपखंड तेजगढ़ में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह देखने को मिला। सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर गणेश मंदिर से कन्याओं द्वारा 21 कलश धारण कर भव्य झांकी निकाली गई। झांकी में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई एवं भारत माता की आकर्षक झांकियों को रथ एवं घोड़ों पर सजाया गया। डीजे-बाजे, रामधुन और दिवारी नृत्य के साथ झांकी नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड से होते हुए कार्यक्रम स्थल रेस्ट हाउस के समीप पहुंची। कार्यक्रम स्थल पर भारत माता के चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया गया। इसके पश्चात कन्या पूजन एवं गौ माता का पूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। सम्मेलन में संत समाज से पधारे परम आदरणीय गुरुजी। अच्छे लाल शर्मा का प्रेरणादायी उद्बोधन प्राप्त हुआ। इसके बाद ग्राम के वरिष्ठ नागरिक दामोदरदास सोनी ने हिंदू समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वक्ता दीपक तिवारी ने भी अपने विचार रखे। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ हुई। हिनौती छात्रावास से आई बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत लमटेरा नृत्य ने उपस्थित जनसमूह की खूब प्रशंसा बटोरी। वहीं ग्राम की स्थानीय पार्टी द्वारा लोकगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके बाद समदई ग्राम से आए कलाकारों ने पारंपरिक दिवारी नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संगीतमय भारत माता की आरती की गई। उपस्थित सभी सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने क्रमवार भारत माता की झांकी की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम को भावपूर्ण वातावरण में संपन्न किया। यह विराट हिंदू सम्मेलन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने वाला एक ऐतिहासिक आयोजन साबित हुआ।साथ ही लास्ट में खीर का प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया जिसमें सर्व हिंदू समाज का सहयोग प्रदान रहा।

### सामाजिक कार्यकर्ता भाई साहब पटेल ने दिखाई मानवता

सिंग्रामपुर। दमोह–जबलपुर स्टेट हाईवे पर शुक्रवार देर शाम एक अज्ञात वाहन ने टू-व्हीलर सवार व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के समय सामाजिक कार्यकर्ता भाई साहब पटेल किसी कार्यक्रम से लौट रहे थे। उन्होंने सड़क पर घायल अवस्था में पड़े व्यक्ति को देखा और मानवीयता दिखाते हुए तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से उसे उपचार के लिए जबलपुर के निजी अस्पताल भिजवाया। घटना की सूचना मिलते ही सिंग्रामपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू की। यह हादसा जबेरा थाना अंतर्गत सिंग्रामपुर चौकी के गुबरा गांव के पास हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल व्यक्ति की पहचान इंद्रेश ठाकुर, निवासी जबेरा-पारना के रूप में हुई है, जो गुबरा से सिंग्रामपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही प्रधान आरक्षक रणीधर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है तथा मामले की जांच जारी है।

## विरागोदय तीर्थ में श्री सिद्धचक्र विधान में प्राची देवी ने किये दर्शन



पथरिया। विरागोदय तीर्थ क्षेत्र में 26 जनवरी से 1 फरवरी तक चलने वाले आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान चल रहा है।इस विधान के पुण्य अरजक आयोजक परिवार सुभाष नील कमल,सिद्धांत अक्षय सिंघई जबलपुर विधाना आचार्य अशोक शास्त्री द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जैन परंपरा में पूजा, उपासना का विशेष महत्व है। इनमें से सिद्धचक्र महामंडल विधान की और भी अधिक महिमा है। जिनालय में चल रहे सिद्धचक्र महामंडल विधान में पहले दिन श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सर्वप्रथम जिनेंद्र भगवान का पाद प्रक्षालन हुआ। इसके बाद जिनेंद्र देव का अभिषेक किया गया। इसके बाद सिद्ध चक्र महामंडल विधान की आराधना प्रारंभ हुई।इस अवसर पर कथा प्रवाचिका प्राची देवी ने विधान मूलनायक भगवान धरम नाथ जी के दर्शन किये।

## बाइक सवार युवक को टक्कर मारकर मौत के घाट उतारने वाला ट्रक पुलिस ने पकड़ा चालक भी गिरफ्तार

तेंदूखेड़ा। शुक्रवार को थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार की ट्रक की टक्कर से मौत के मामले में पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक व परिचालक को भी गिरफ्तार किया है यह घटना शुक्रवार शाम 6 बजे तेंदूखेड़ा पाटन मार्ग पर 27 मील के पास हुई थी मृतक की पहचान दमोह निवासी राजेंद्र गोंड पिता रामजीलाल गौड़ उम्र 37 वर्ष के रूप में हुई है राजेंद्र गौड़ तेंदूखेड़ा के पिड़रई गांव का मूल निवासी था और दमोह के खजरी मोहल्ला में रहता था। वह शुक्रवार शाम दमोह से जबलपुर अपनी साली की लगुन में शामिल होने बाइक से जा रहा था लेकिन 27 मील के समीप अज्ञात ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे राजेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से संपर्क के बाद उन्होंने बताया कि राजेंद्र अपनी साली की लगुन में शामिल होने जा रहा था। पुलिस ने शव को अस्पताल के शव गृह में रखवाकर अज्ञात ट्रक की तलाश शुरू कर दी थी पुलिस ने शनिवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया मृतक के ससुर ने बताया कि राजेंद्र की दो बेटियां हैं जिनमें एक 6 साल की और दूसरी 3 साल की है राजेंद्र के पिता रामजीलाल गोंड की कोरोना से मौत हो गई थी। इसके अलावा, उसके छोटे भाई और मां की भी राजेंद्र की शादी के कुछ महीनोंबाद बीमारी के चलते मौत हो गई थी। परिवार में राजेंद्र ही एकमात्र सदस्य बचा था, लेकिन इस हादसे में उसकी भी जान चली गई।

### ट्रक चालक गिरफ्तार वाहन भी जब्त

वहीं पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही बाइक सवार युवक को टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश शुरू कर दी थी यूपी पार्सिंग का ट्रंक क्रमांक यूपी 25 डीटी 1973 तेजगढ़ क्षेत्र में रात में ही पकड़ा लिया गया था ट्रक जबलपुर से यूपी जा रहा था ट्रक को आसिफ खान चला रहा था जो यूपी बरेली का रहने वाला है तेंदूखेड़ा पुलिस ने ट्रक को तेजगढ़ क्षेत्र में पड़का और थाना लाकर सुरक्षित रखवाया है पुलिस द्वारा मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी रावेंद्र बागरी ने बताया बाइक सवार को टक्कर मारने वाले ट्रक को पकड़ लिया है साथ ही चालक को भी मामले की जांच की जा रही है।

## मोबाइल चार्ज करते समय महिला को लगा करंट, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

थाना क्षेत्र के सेहरी गांव में शनिवार सुबह मोबाइल चार्ज करते समय करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई परिजनों ने महिला को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला की रश्मि की दो बेटियां हैं पुलिस के अनुसार, सेहरी गांव निवासी रश्मि गौड़ 30 पति नरेश गौड़ उर्फ मुकेश शनिवार सुबह करीब 7 बजे अपने घर में मोबाइल फोन चार्ज कर रही थीं। इसी दौरान इलेक्ट्रिक बोर्ड के पास मौजूद एक कटी हुई डोरी के संपर्क में आने से उन्हें करंट लग गया करंट लगने से डोरी उनके हाथ में चिपक गई और वह चीखते हुए जमीन पर गिर पड़ीं आवाज सुनकर उनके पति नरेश घर के अंदर पहुंचे और रश्मि को बेहोश जमीन पर पड़ा पाया परिजन तुरंत उन्हें निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने रश्मि को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर तेंदूखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

**आम सूचना**

मैं आदित्य सॉलोमन आत्मज स्व. श्री रत्नेश सॉलोमन निवासी सॉलोमन बंगला, सिविल वार्ड नं-7, दमोह तह एवं जिला दमोह (म.प्र.) घोषित करता हूँ की मेरा नाम आदित्य पीटर सॉलोमन उर्फ आदित्य सॉलोमन (जन्म तिथि दिनांक 03/10/1988) है। मुझे उक्त दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है तथा मेरे पैन कार्ड एवं आधार कार्ड में मेरा नाम आदित्य सॉलोमन दर्ज है, एवं प्रचलित नाम है। किसी को कोई भ्रांति न रहे लिहाजा यह घोषणा सर्वसाधारणार्थ के लिए प्रकाशित की जा रही हैं। सनद रहे वक्त आने पर काम आवे।

दिनांक : 31/01/2026
स्थान : दमोह म.प्र.

घोषणकर्ता
आदित्य सॉलोमन
एडवोकेट
सॉलोमन बगला, सिविल वार्ड नं. 7. तह एवं जिला दमोह (म.प्र) मोब 9425095750